I.G.N.O.U. *Based*

# NEERAJ®

# B.E.C.E.-2

## भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास : मुद्दे एवं परिदृश्य

## ( Indian Economic Development: Issues and Prespectives )

By: *Ved Prakash Sharma*

***Question Bank** Cum **Chapterwise Reference Book***
***Including** **Many Solved Question Papers***

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
**1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi - 6**
**Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501**
**E-mail: info@neerajignoubooks.com**
**Website: www.neerajignoubooks.com**

**MRP ₹ 240/-**

**Published by:**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110006**

*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**

*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only | Typesetting by: Competent Computers | Printed at: Novelty Printer |
|---|---|---|

**Notes:**

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## *How to get Books by Post (V.P.P.)?*

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*
*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***
*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*
*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

(Publishers of Educational Books)

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

## भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास : मुद्दे एवं परिदृश्य
## ( Indian Economic Development: Issues and Perspectives )

***Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)***


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | 1-8 |
| *Question Paper—December, 2018 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2014 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2013 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2012 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2011 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2010 (Solved)* | 1-2 |


| *S.No.* | ***Chapterwise Reference Book*** | *Page* |
|---|---|---|

**विकास के प्रतिमान ( Patterns of Development )**


| | | |
|---|---|---|
| 1. | विकास के वैकल्पिक प्रतिमान ( Alternative Patterns of Development ) | 1 |
| 2. | विकास पर प्रमुख भारतीय आर्थिक विचारधारा ( Main Indian Economic Ideology on Development ) | 7 |
| 3. | संवृद्धि और संरचनात्मक परिवर्तन ( Growth and Structural Changes ) | 13 |
| 4. | योजना, शासन और संस्थाएँ ( Planning, Governance and Institutions ) | 19 |


**विकास के लिए संसाधन ( Resources for Development )**


| | | |
|---|---|---|
| 5. | मौद्रिक और वित्तीय संसाधन ( Monetary and Financial Resources ) | 26 |
| 6. | भौतिक, प्राकृतिक और पर्यावरणीय संसाधन ( Physical, Natural and Environmental Resources ) | 34 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 7. | जनसांख्यिकीय विशेषताएँ ( Demographic Features ) | 42 |
| 8. | राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली ( National Statistical System ) | 49 |
| | **राजकोषीय और मौद्रिक समस्याएं ( Fiscal and Monetary Problems )** | |
| 9. | मौद्रिक नीति ( Monetary Policy ) | 53 |
| 10. | राजकोषीय संघ राज्य पद्धति ( Fiscal Union State Method ) | 59 |
| 11. | भारत में कराधान और व्यय ( Taxation and Expenditure in India ) | 64 |
| 12. | राजकोषीय सुधार ( Fiscal Reforms ) | 69 |
| | **कृषि क्षेत्र ( Agriculture Sector )** | |
| 13. | कृषि विकास में प्रावस्थाएँ ( Phases in Agricultural Development ) | 75 |
| 14. | हरित क्रांति का प्रभाव ( Effects of Green Revolution ) | 79 |
| 15. | कृषि, उत्पादकता और किसानों का कल्याण ( Agriculture, Productivity and Welfare of Farmers ) | 84 |
| | **औद्योगिक और सेवा क्षेत्र ( Industrial and Service Sector )** | |
| 16. | औद्योगिक नीति और रणनीति ( Industrial Policy and Strategy ) | 90 |
| 17. | औद्योगिक वृद्धि और संरचना ( Industrial Growth and Structure ) | 96 |
| 18. | विदेशी निवेश ( Foreign Investment ) | 100 |
| 19. | सेवा क्षेत्र ( Service Sector ) | 107 |
| | **बाह्य (विदेशी) क्षेत्र ( External (Foreign) Sector )** | |
| 20. | व्यापार और विकास ( Trade and Development ) | 113 |
| 21. | व्यापार के अनुभवजन्य पहलू और भुगतान संतुलन ( Experimental Aspects of Trade and Balance of Payment ) | 120 |
| 22. | क्षेत्रीय व्यापार व्यवस्थाएँ ( Regional Trading Arrangements ) | 127 |
| 23. | विश्व व्यापार संगठन और नई व्यापार तथा वित्तीय व्यवस्थाओं की चुनौतियाँ ( World Trade Organisation and Challenges of New Trade and Economic Systems ) | 132 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|

## विकास के सामाजिक पहलू ( Social Aspects of Development )


| | | |
|---|---|---|
| **24.** | शिक्षा और स्वास्थ्य ( Health and Education ) | **138** |
| **25.** | श्रम और रोजगार ( Labour and Employment ) | **144** |
| **26.** | विकास के कार्य में लिंग संबंधी मुद्दे ( Gender Issues in Development Works ) | **150** |
| **27.** | जल और विकास ( Water and Development ) | **154** |
| **28.** | विश्वव्यापी आर्थिक संकट ( Global Economic Crisis) | **159** |


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*(June – 2019)*

*(Solved)*

## भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास : मुद्दे एवं परिदृश्य

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** प्रत्येक खण्ड में दिये गये निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

### खण्ड–अ

**इस खण्ड में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**प्रश्न 1. भारतीय अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी की प्रकृति क्या है? क्या वर्तमान उदारीकरण की नीतियां समस्या को कम कर सकी हैं?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, 'भारत में बेरोजगारी', 'सहस्राब्दी विकास लक्ष्य'

**इसे भी देखें**–'देश में बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या को हल नहीं किया गया तो देश में सामाजिक असंतोष फैल सकता है'–यह कहना था योजना आयोग के उपाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र पंत का। उनके द्वारा कही गयी यह बात वर्तमान परिप्रेक्ष्य को देखते हुए सत्य बैठती है। किसी भी देश के लिए बेरोजगारी एक भयंकर समस्या है। रोजगार व्यक्ति जहां समाज में उत्पादन वृद्धि में योगदान करता है वहीं बेरोजगार व्यक्ति अर्थव्यवस्था पर बोझ बन जाता है। बेरोजगारी का सबसे बुरा पक्ष सामाजिक है। बेरोजगारी मनुष्य के आत्म-विश्वास को खत्म कर उसमें हीनता को जन्म देती है। इस प्रकार मनुष्य निराशावादी हो जाता है और उसके मन में समाज के प्रति आक्रोश उत्पन्न होने लगता है। बाद में यही आक्रोश उसके सामाजिक असंतोष का कारण बनता है। बेरोजगारी के कारण जब किसी व्यक्ति के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ जाती है तो वह व्यक्ति कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाता है। देश में लूटपाट, चोरी, डकैती, हत्या, फिरौती के लिए अपहरण जैसे अपराधों में बढ़ोतरी बेरोजगारी के कारण ही हो रही है।

यही नहीं बेरोजगारी के कारण ही लोग भिक्षावृत्ति एवं वैश्यावृत्ति जैसी अमानवीय वृत्ति को अपनाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। हमारे देश में बेरोजगारी में विस्फोटक ढंग से वृद्धि हुई है। वर्ष 1951 में देशभर में बेरोजगारों की संख्या 33 लाख थी, वर्ष 1961 में बढ़कर यह 90 लाख हो गयी।

इस तरह देश में बेरोजगारों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और अब इनकी संख्या 25 करोड़ से भी अधिक है। बेरोजगारी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण उत्पादन का केन्द्रीयकरण ढांचा है। यही केन्द्रीयकरण ढांचा बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के फलने-फूलने का सबसे मजबूत आधार है।

नब्बे के दशक के शुरुआती वर्षों में हमारे देश में उदारीकरण एवं भू-मण्डलीयकरण का दौर शुरू हुआ। इसके बाद से विश्व बैंक और मुद्रा कोष के इशारे पर आर्थिक नीतियां निर्धारित की जाने लगीं। इन नयी आर्थिक नीतियों की जड़ में ही बेरोजगारी समाई हुई है।

नयी आर्थिक नीतियों के मूल में भारी पूंजी निवेश, व्यापार का वैश्वीकरण, निर्यात पर जोर, अधिक-से-अधिक मुनाफा कमाना और व्यवस्था का केन्द्रीयकरण है। इन नीतियों के कारण उत्पादन में तो वृद्धि हुई, लेकिन रोजगार के अवसर घटते गये। आज किसी सरकारी उपक्रम में खर्चों में कमी करने की जब बात चलती है, तो छंटनी के रूप में सबसे पहले गाज मजदूरों पर ही गिरती है।

दूसरी बात यह है कि पूंजी निवेश की वजह से सरकार एवं कम्पनियों पर ऋण बढ़ता रहता है। सरकारें घाटे की अर्थव्यवस्था चलाती हैं, जो रोजगार बढ़ाने में बाधक होती हैं। तीसरी दुनियां के अधिकांश देश आज कर्ज में डूबे हुए हैं। इनसे मुक्ति पाने के लिए विश्व बैंक और मुद्रा कोष ने एक ढांचागत समायोजन कार्यक्रम 1981-82 में लागू किया। हमारे देश में यह कार्यक्रम 1991 में लागू हुआ।

इस कार्यक्रम के तहत बजट में कटौती तथा सार्वजनिक विकास में कटौती मुख्य है। इसका परिणाम यह हुआ कि 1991 के बाद से छंटनी का दौर शुरू हुआ और बेरोजगारी की समस्या बढ़ती चली गयी। पिछले कुछ वर्षों से रोजगार के अवसर अचानक कम हुए हैं। सरकारी प्रतिष्ठानों में न केवल भर्तियां बंद हैं, बल्कि छंटनी कार्यक्रम चल रहा है। निजी क्षेत्र में मशीनों के नवीनीकरण और आटोमेशन के चलते नये रोजगार बहुत कम पैदा हो रहे हैं। इन सबके अलावा रही सही कसर सरकार ने श्रम कानूनों में संशोधन करके पूरी कर दी।

वर्तमान अर्थव्यवस्था की मार सबसे अधिक विकासशील देशों पर पड़ रही है। विकसित देशों की बहुराष्ट्रीय कम्पनियां विश्व बैंक और मुद्रा का पूरा लाभ उठा रही हैं। इन कम्पनियों ने विकासशील देशों में विकास का नारा देकर तेजी से पैर पसारे, लेकिन इन्होंने विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर डाला।

इन कम्पनियों ने अपने उत्पाद से बाजार को पाटने के लिए विकासशील देशों की स्वदेशी उत्पादन पद्धति को नष्ट कर दिया। बेरोजगारी खत्म करने के लिए दृढ़ राजनैतिक इच्छा शक्ति की जरूरत है, जो किसी भी राजनैतिक दल में दिखाई नहीं देती। बेरोजगारी को लेकर राजनीतिक पार्टियों द्वारा चिंता तो जताई गई, लेकिन जमीनी स्तर पर इस ओर किसी भी पार्टी ने काम नहीं किया। कोरे नारेबाजी से बेरोजगारी का समाधान नहीं होगा। इसके लिए सरकार को दृढ़ता से प्रयास करने होंगे। यदि बेरोजगारी बढ़ने की यही गति रही और उसे रोका नहीं गया तो इस कारण बढ़ने वाला असंतोष देश के सामने विकट स्थिति उत्पन्न कर सकता है।

देश की गम्भीर समस्याओं में एक समस्या बेरोजगारी भी है। इसमें भी युवा वर्ग की बेकारी विशेष स्थान रखती है। युवा वर्ग की बेकारी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या है। जिस हिसाब से जनसंख्या बढ़ रही है उस अनुपात में रोजगार के साधन नहीं बढ़ पा रहे हैं, एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में प्रतिवर्ष अस्सी से नब्बे लाख बच्चे जन्म लेते हैं। इस हिसाब-से रोजगार के अवसर दिलाना सरकार ही नहीं किसी और के बूते की बात भी नहीं है। जनसंख्या वृद्धि के लिए निम्नवर्ग के समाज को दोषी ठहराया जाता है, जो अपने लिए दो समय की रोटी का जुगाड़ भी नहीं कर पाता।

झुग्गी बस्तियों में किसी तरह रहकर वह अपनी गुजर-बसर करता है। बावजूद इसके संतान उत्पत्ति पर ध्यान नहीं देता। ठीक इसके विपरीत शिक्षित लोग जनसंख्या नियंत्रण में विश्वास रखते हैं और अधिक संतान से परहेज रखते हैं।

बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। देश में शिक्षा की ओर ध्यान देने से दूर दराज के इलाकों में स्कूल तो खुल गये, लेकिन इन स्कूलों से शिक्षित होकर निकले युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहे। इनके अलावा विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों से प्रतिवर्ष हजारों युवक डाक्टर, इंजीनियर, वास्तुकार आदि बनकर निकलते हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर को रोजगार नहीं मिल पाता।

शिक्षित होने के कारण आज के युवा कृषि कार्य करना उचित नहीं समझते। यदि वे अपने गांवों में ही रहकर कृषि क्षेत्र में अपनी शिक्षा का प्रयोग करें, तो वे अपने खेतों से ज्यादा उपज प्राप्त करने में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। शहरों की चकाचौंध देख वे गांवों से पलायन करते जा रहे हैं। शहरों में आने पर रोजगार न मिलने की स्थिति में वे गलत कार्यों में लग जाते हैं, जिससे अपराध को बढ़ावा मिलता है। युवा वर्ग की बेकारी का कारण सरकारी नीतियां भी हैं। सरकारी कार्यालयों में कई पद वर्षों से खाली पड़े रहते हैं। सरकारी अधिकारियों व लाल फीताशाही के कारण इन पदों पर नियुक्तियां नहीं हो पाती। आरक्षण भी बेरोजगारी की एक वजह है। आरक्षित पद के लिए उम्मीदवार नहीं मिलने पर उसे सामान्य वर्ग का कर दिया जाना चाहिए, लेकिन इसमें भी सरकारी नीतियां आड़े आती हैं।

**प्रश्न 2. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की सविस्तार विवेचना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-7, पृष्ठ-43, 'जनसांख्यिकीय परिवर्तन'

**इसे भी देखें**–जनांकिकीय संक्रमण अथवा जनसांख्यिकीय संक्रमण एक जनसंख्या सिद्धांत है, जो जनसांख्यिक इतिहास के आंकड़ों और सांख्यिकी पर आधारित है। इस सिद्धांत के प्रतिपादक डब्ल्यू. एम. थोम्पसन (1929) और फ्रेंक. डब्ल्यू. नोएस्टीन (1945) हैं। इन्होंने यूरोप, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में प्रजनन और मृत्यु-दर की प्रवृत्ति के अनुभवों के आधार पर यह सिद्धांत दिया।

यह संक्रमण सिद्धांत उच्च प्रजनन दर से न्यून प्रजनन दर और उच्च मृत्यु-दर से न्यून मृत्यु-दर के जनसांख्यिकीय प्रतिमान को दर्शाता हैं। जनांकिकीविद् इसे 'जनसंख्या चक्र' तथा भूगोलवेत्ता इसे 'जनांकिकी संक्रमण' की संज्ञा देते हैं। समाज में अधिकांशतः ग्रामीण, कृषीय, अनपढ़ वर्ग, मुख्य रूप से नगरीय, औधोगिक, साक्षर, और आधुनिक समाज वर्ग की ओर अग्रसर होता है, तभी तीन स्पष्ट घोषित प्राकल्पनाएं सामने आती हैं–

(1) जननक्षमता में ह्रास से पूर्व मृत्यु-दर में कमी आना।

(2) मृत्यु-दर से मेल-जोल बनाए रखने के लिए प्रजनन दर में अन्ततः कमी हो जाना।

(3) समाज में आर्थिक,सामाजिक परिवर्तन उसके जनसांख्यिकीय रूपान्तरण के साथ-साथ होना।

**जनसांख्यिकी संक्रमण सिद्धांत की पांच अवस्थाएं**

आज विश्व के विभिन्न देश जनसांख्यिकीय संक्रमण के भिन्न-भिन्न स्तर पर हैं। त्रिवार्था के अनुसार यह आरम्भ में मानव की दोहरी नीति की प्रकृति के कारण है। इसके अनुसार, जैविय दृष्टि से सभी स्थानों के मानव एक समान हैं, और सभी प्रजनन की क्रिया में संलग्न हैं, परंतु सांस्कृतिक दृष्टि से विश्व के एक स्थान के मानव दूसरे स्थान के मानव से भिन्न हैं।। मानव की सांस्कृतिक भिन्नताओं के कारण भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में विभिन्न जननक्षमता के प्रतिमान को जन्म देती है। इसके कारण हीं जनसांख्यिकीय संक्रमण की विभिन्न अवस्थाएं होती हैं।

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# भारतीय आर्थिक विकास : मुद्दे और परिदृश्य
# ( Indian Economic Development: Issues and Perspectives )

*विकास के प्रतिमान*
*( Patterns of Development )*

## विकास के वैकल्पिक प्रतिमान
## ( Alternative Patterns of Development )

**1**

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### परिचय

विकास की संकल्पना केवल अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए ही उपयोगी नहीं है, बल्कि यह राजनीतिज्ञों और नीति-निर्माताओं के लिए भी महत्त्व का विषय है। इस दृष्टिकोण से इस अध्याय में संवृद्धि और विकास के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए इस बात पर चर्चा की गई है कि 'अकेले संवृद्धि पर्याप्त क्यों नहीं है?' विकास के दृष्टिकोण के बारे में संरचनात्मक समायोजन (Structural Adjustment) की संकल्पना के विकास के वैकल्पिक प्रतिमानों से संबंधित अनुभाग की भी चर्चा की गई है।

इस अध्याय के अंतर्गत संवृद्धि और विकास के बीच अंतर, विकास के लिए विभिन्न संस्थागत दृष्टिकोण, घरेलू संरचनात्मक परिवर्तनों और भूमंडलीकरण के संदर्भ में भिन्न-भिन्न व्यापार रणनीतियों के प्रभावों का विवेचन एवं वर्तमान विकास संबंधी प्रतिमानों में विकास की प्रमुख चिंताओं और चुनौतियों आदि की चर्चा की गई है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

### संवृद्धि और विकास के बीच अंतर

आमतौर पर संवृद्धि और विकास प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product) अथवा केवल प्रति व्यक्ति आय के आधार पर निर्दिष्ट किए जाते हैं।

आर्थिक संवृद्धि का अभिप्राय वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि से है, जबकि आर्थिक विकास परिवर्तन के साथ वृद्धि को भी बताता है। इस प्रकार आर्थिक विकास एक वृहद अवधारणा है, क्योंकि इसमें अर्थव्यवस्था में हुए मात्रात्मक व गुणात्मक दोनों ही प्रकार के परिवर्तन शामिल होते हैं।

संवृद्धि का संबंध प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद से होता है, जिसे वार्षिक परिवर्तन के आधार पर मापा जाता है, जबकि विकास का संबंध प्रति व्यक्ति आय में परिवर्तन के दीर्घकालिक मुद्दों से होता है। संवृद्धि प्रति व्यक्ति आय पर निर्भर करती है, जबकि विकास का संबंध न केवल प्रति व्यक्ति आय में बदलाव लाना है, बल्कि साथ-ही-साथ संरचनात्मक बदलावों की प्रक्रियाएं भी इसमें सम्मिलित होती हैं।

संवृद्धि प्रति व्यक्ति आय पर आधारित होती है, जो कुल राष्ट्रीय आय को कुल जनसंख्या द्वारा विभाजित करने पर प्राप्त 'औसत' माप है। जनसंख्या की संवृद्धि दर कम करके प्रति व्यक्ति आय बढ़ा सकते हैं, लेकिन वास्तव में यह विकास नहीं है।

### विकास के लिए दृष्टिकोण

ऐसे अनेक दृष्टिकोण हैं, जिनमें तीव्रता से आर्थिक विकास का उद्देश्य प्राप्त करने में संस्थागत संरचना की भूमिका होती है, जिनमें आर्थिक क्रियाकलाप क्रियान्वित किए जाते हैं। आमतौर पर बाजार और राज्य दो ऐसी विस्तृत संस्थाएं हैं, जिनसे आर्थिक क्रियाकलाप सरल होने की अपेक्षा की जाती है।

**बाजार-आधारित दृष्टिकोण**–पूर्ण विकसित प्रतियोगात्मक बाजार स्थिति में लागतों को कम और लाभ को अधिक करके संसाधन अत्यंत उपयोगी रूप से प्रयोग किए जाते हैं। लाभ सहित मूल्य संकेत शीघ्रता से लाभ प्राप्त करने के लिए निवेश करने के

www.neerajbooks.com



प्रोत्साहन के रूप में कार्य करते हैं। बिना किसी हस्तक्षेप के पूर्ण रूप से कार्य करने वाले बाजारों को तीव्रतर संचयन और संवृद्धि के लिए योजना के रूप में देखा गया है। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात इन देशों ने बाजारों में गंभीर अंतर का मुकाबला किया क्योंकि इन अर्थव्यवस्थाओं में ज्यादातर बाजार अल्पविकसित थे। बाजारों का अभाव भी इसका बड़ा कारण था। इसलिए इन अल्पविकसित देशों में से ज्यादातर राज्य विकास प्रक्रिया के लिए अपेक्षित के रूप में परिवर्तित हो गए।

**राज्य की भूमिका और योजनाबद्ध दृष्टिकोण**–विकास पर अनेक लेखकों ने उत्पादन प्रक्रिया में राज्य की भूमिका की जरूरत पर जोर दिया है। अल्पविकसित देशों में, जिनका जीवन निर्वाह कृषि पर आधारित था, जिनमें धीमा औद्योगीकरण, खराब बुनियादी संरचना, अत्यधिक बेजरोगारी, निम्न आय, बचत और निवेश था, निवेश में ज्यादा प्रयास करना जरूरी था। इसलिए 1991 तक सार्वजनिक क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था के क्रोड क्षेत्रों में तेजी से वृद्धि करने के लिए महत्त्व प्राप्त किया।

वर्तमान में नौकरशाही, भ्रष्टाचार, अक्षमता और हानि पैदा करने वाले राज्य हस्तक्षेप के कारण सार्वजनिक क्षेत्र नीति के दृष्टिकोण से गिर गया। इस आधार पर राज्य की भूमिका कम करने की दिशा को बल मिला है।

**मिश्रित अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण**–मिश्रित अर्थव्यवस्था विकास के लिए दृष्टिकोण की प्रस्तावना के रूप में राज्य और बाजार को एकजुट करती है। इसमें सार्वजनिक उद्यम के साथ-साथ निजी उद्यम के सहअस्तित्व को सम्मिलित किया जाता है। मिश्रित अर्थव्यवस्था में पूँजीवाद और समाजवाद की प्रमुख विशेषताएँ रहती हैं। दूसरी ओर सार्वजनिक क्षेत्र उत्पादन, लाभ के लक्ष्य से नहीं बल्कि व्यापक सामाजिक हित हेतु उत्पादन और सामाजिक क्षेत्र में भी कार्य करता है। भारत में योजनाबद्ध उन सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों का सहअस्तित्व मिश्रित अर्थव्यवस्था पर भी आधारित है, जिनकी अपनी-अपनी भूमिका राज्य द्वारा सुनिश्चित की गई है। वर्ष 1991 में आर्थिक सुधार लागू होने के पश्चात निजी क्षेत्र का आर्थिक पक्ष विस्तृत हुआ है व सार्वजनिक क्षेत्र का संकुचन हुआ है। निजी क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था के समस्त क्षेत्रों में प्रभुत्व स्थापित किया है।

**व्यापक संवृद्धि**–भारत में आर्थिक संवृद्धि को ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के 'दृष्टिकोण प्रलेख' (Approach Paper) में व्यापक सरकारी विकास रणनीति के रूप में देखा जा सकता है। इसके साथ-साथ 'न्याय के साथ संवृद्धि' (Growth with Justice) अथवा 'समानता के साथ संवृद्धि' (Growth with Equity) भारत में योजना निर्माण की रणनीति का प्रमुख भाग रही है। 'न्याय के साथ संवृद्धि' का बुनियादी आधार है कि धन-सम्पत्ति और परिसम्पत्ति में असमानताओं के साथ-साथ अर्थव्यवस्था में बिना हस्तक्षेप के राष्ट्रीय उत्पादन में बढ़ोतरी के फलस्वरूप स्थायी असमानताएँ रोकने हेतु रणनीति में संवृद्धि के लाभों का युक्तिसंगत वितरण की सुनिश्चितता के लिए उचित संस्थागत व्यवस्था सम्मिलित करना आवश्यक हो गया है। भारत में अर्थव्यवस्था सुधारों का अनुभव अपेक्षाकृत उच्च संवृद्धि निष्पादन में दिखाई देता है। लेकिन गरीबी में कमी की धीमी दर, रोजगार वृद्धि का निम्न स्तर, ग्रामीण-शहरी असमानताओं में वृद्धि, सभी सामाजिक वर्गों में असमानताएं तथा स्थानीय विषमताएं रही हैं। ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना का दृष्टिकोण प्रलेख 'अधिक तीव्र और अधिक संवृद्धि की ओर' बढ़ने का सुझाव देता है। ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य व्यापक आधार और वृहद संवृद्धि प्राप्त करने के लिए नीतियों का पुनर्निर्माण करना है।

## व्यापार की भूमिका और व्यापार की रणनीतियाँ

विकास संबंधी शुरुआती चिंतन में औद्योगीकरण व विकास एकसमान माने जाते थे। उस समय औद्योगीकरण में व्यापार की भूमिका पर ध्यान केन्द्रित किया गया। ज्यादातर व्यापार का उल्लेख विकास के इंजन के रूप में स्वीकार किया जाता था।

**निर्यातोन्मुखी दृष्टिकोण**–विकास के लिए निर्यातोन्मुखी रणनीति में इस बात पर बल दिया गया कि विकासशील देशों का तुलनात्मक लाभ अत्यधिक विशेषीकृत प्राथमिक वस्तुओं पर आधारित होता है। मुक्त व्यापार शासन प्रणाली का परिणाम कई प्राथमिक वस्तुओं में प्रत्येक विकासशील देश द्वारा सतत विशेषीकरण के रूप में देखा जा सकता है। इन वस्तुओं के लिए मांग कीमत और आय दोनों दृष्टियों से लोचपूर्ण हो सकती है। मुक्त व्यापार के कारण प्रतियोगिता के बढ़ने से एकाधिकार भंग होता है। मुक्त व्यापार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह भी बढ़ाता है। निर्यातोन्मुखी व्यापार रणनीति का लाभ स्वदेशोन्मुखी होता है, अधिकतर पूर्वी एशिया की मुक्त व्यापार नीति तथा 1960 के दशक से 1980 के दशक में संवृद्धि सफलता का उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है।

**आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण**–आयात प्रतिस्थापन के लिए घरेलू औद्योगिक उत्पादन की सुरक्षा करने में सरकार के हस्तक्षेप की नीति 'आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण' (Import Substituting Industrialisation–ISI) के नाम से जाना गया। इस नीति का प्रमुख आधार 'शिशु उद्योग तर्क' है। 1960 के दशक में आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण के पक्ष में दक्षिणी अमेरिका के रॉल प्रेबिख की अध्यक्षता की संरचनावादी विचारधारा द्वारा यह तर्क सम्मिलित किया गया। व्यापार आंकड़ों के आधार पर उसने तर्क दिया कि मुक्त व्यापार शासन व्यवस्था में विकसित देश प्राथमिक वस्तुओं का निर्यात और निर्मित माल का आयात कर रहे थे। इसलिए संरक्षण द्वारा आयात प्रतिस्थापन से घरेलू औद्योगीकरण विकासशील देशों में विनिर्माण क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है। आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण अथवा शिशु उद्योग तर्क आयात प्रतियोगिता विनिर्माण में मदद करने की अस्थायी नीति का समर्थन करता है। भारत का मोटरवाहन उद्योग हाल ही के उदारीकरण तक आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण से विकसित अक्षमता का उदाहरण है। 1991 के बाद की अवधि में आयात नियंत्रण शासन प्रणाली का पर्याप्त उदारीकरण हुआ है और इससे घरेलू उत्पादन और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शासन प्रणाली के संबंध में भी बाजार की भूमिका मजबूत हुई है।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



## विकास की विशिष्ट चिन्ताएं

विकास के परिप्रेक्ष्य ने ऐसे अनेक पहलुओं पर तेजी से ध्यान केन्द्रित किया है, जिनके लिए विकासशील देशों में उचित रणनीति तैयार करने में विशेष सावधानी की जरूरत होती है। गरीबी, असमानता, बेरोजगारी और क्षेत्रीय विषमता विकास संबंधी कार्यसूची में प्रमुख पहलुओं के रूप में विकसित हुए हैं।

**गरीबी**

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ज्यादातर उपनिवेशों के स्वतंत्र होने के बाद इन देशों की सर्वोच्च प्राथमिकता इन देशों में लोगों का संतोषजनक जीवन-स्तर निर्धारित करने की दृष्टि से आर्थिक विकास प्राप्त करना था। गरीबी का संबंध उन लोगों की दशा से है, जो अपने जीवन की मूलभूत जरूरतें भी पूरी नहीं कर पाते हैं। हालांकि विकसित देशों में गरीबी को 'तुलनात्मक' शब्दों में देखा जाता है। विकासशील देशों में चिंता 'अत्यंत' गरीबी के प्रति है। उपभोग का प्रयोग अधिक गरीबी की पहचान करने और मापने के लिए लम्बी परंपरा के रूप में किया जाता रहा है। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में दादाभाई नौरोजी द्वारा अपने प्रसिद्ध अपवहन सिद्धान्त (Drain Theory) द्वारा गरीबी के मुद्दे पर चर्चा शुरू की गई थी। गरीबी, असमानता, सशक्तिकरण की समस्याओं ने भारत के अनेक राष्ट्रवादी विचारकों को विकास के कई वैकल्पिक ऐसे प्रतिमान प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया, जो भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक दशाओं के लिए सबसे ज्यादा उचित थे। अनेक विकासशील देशों में गरीबी के आधुनिक अनुमानों ने परिवार सर्वेक्षण आधारित आय अथवा उपभोग व्यय आंकड़ों से प्रेरित किया। विकासशील देशों में आय और गरीबी का उपभोग माप में प्रमुख खण्ड निर्माण 'गरीबी रेखा' है, जिससे नीचे व्यक्ति अथवा परिवार को गरीब निर्धारित किया जाता है।

**असमानता**

आय की वृद्धि और असमानता के मध्य संबंध विकास संबंधी साहित्य में प्रमुख विषय रहा है। आर्थिक विकास निरूपित करते हुए X-अक्ष पर प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि और Y-अक्ष पर असमानता के माप का ग्राफिक निरूपण उल्टे U के आकार में वक्र दिखाता है। 19वीं शताब्दी के अंत में कुजनेट्स ने कुछ विकसित देशों में आय की गिरती हुई असमानता देखी। असमानता तीव्र आर्थिक वृद्धि पैदा करने में सहायक होती है, जिसे अर्थव्यवस्था के रूप में 'पूर्वी एशिया का चमत्कार' कहा गया है। भारत के संबंध में विशेष रूप से सुधार के समय शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच तथा अलग-अलग राज्यों के बीच उपभोग के स्तरों में बढ़ती हुई असमानताओं के उदाहरण बढ़ रहे हैं। 1990 के दशक से प्रारंभ होते हुए उपभोग के मासिक प्रति व्यक्ति स्तरों में असमानताएं भारत की जनसंख्या के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित रूप में बढ़ी हैं। ग्रामीण मासिक प्रति व्यक्ति आय जो 1983 में शहरी मासिक प्रति व्यक्ति आय का 66 प्रतिशत था, 1993-94 में घटकर 61 प्रतिशत और 2004-05 में 56 प्रतिशत हुआ। राज्यों में गरीबी की कमी की प्रक्रिया में विषमता है। गरीबी की संपूर्ण कमी के बावजूद अनेक राज्यों में अभी भी गरीबी का स्तर काफी ऊँचा है।

**रोजगार और बेरोजगारी**

विकास रणनीतियों में संवृद्धि प्रक्रिया के भाग के रूप में रोजगार विकसित करना प्रमुख लक्ष्य रहा है। विकसित देशों की अपेक्षा विकासशील देशों में बेरोजगारी खुली नहीं है और बेरोजगारी अनुमानों को बेरोजगारी के रूप में कम आंका जाता है।

**भारत में बेरोजगारी**–भारत में बेरोजगारी का आकलन तीन प्रकार की प्रस्थिति–सामान्य मुख्य प्रस्थिति (Usual Principal Status; UPS), 'चालू साप्ताहिक प्रस्थिति' (Current Weekly Status; CWS), और 'चालू दैनिक प्रस्थिति' (Current Daily Status; CDS) के आधार पर किया जाता है। सामान्य मुख्य प्रस्थिति बेरोजगारी का संबंध उस व्यक्ति से है, जिसे वर्ष में संपूर्ण अवधि के लिए रोजगार नहीं मिलता है। सामान्य मुख्य प्रस्थिति में रोजगार और बेरोजगारी के अनुमान समस्या का पूर्ण आकलन नहीं हो सकते। चालू साप्ताहिक प्रस्थिति का संबंध उन व्यक्तियों से है, जिन्हें सर्वेक्षण के अनुसार सप्ताह में दिन में एक घंटे का भी काम नहीं मिलता है। रोजगार अथवा बेरोजगार अनुपात की गणना कार्य दिनों की दर के आधार पर की जाती है, जिसमें रोजगारशुदा लोगों अथवा बेरोजगारों की दर काफी अलग होती है।

**भारत में रोजगार का स्वरूप**–कार्य के आधार पर रोजगार आमतौर पर तीन श्रेणियों–नियमित सवेतन, स्वरोजगार और अनियमित रोजगार में विभाजित किया जा सकता है। भारत के संबंध में 'स्वरोजगार' ज्यादातर कृषि और अन्य आर्थिक कार्यों में है। अधिकतर स्वरोजगारों में कार्य और आय की दशाएं अधिक संवेदनशील और अस्थिर हैं। विकास प्रक्रिया से संभावना की जाती है कि ज्यादातर कामगार अनियमित रोजगार से स्वरोजगार में जाएंगे तथा नियमित और सवेतन रोजगार की ओर धीरे-धीरे बढ़ेंगे। आज रोजगार की अनियमितता की कमी की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है।

**संगठित और असंगठित कामगार**–भारत के कार्यबल पर संगठित (organised) और असंगठित (unorganised) कामगारों में उनके विभाजन के आधार पर विचार करने का ज्यादा स्पष्ट तरीका है।

**सहस्राब्दी विकास लक्ष्य**

सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (Millennium Development Goals–MDGs) के रूप में एक रूपरेखा निर्मित की गई है, जिसमें 8 उद्देश्य और 48 सूचक हैं। इन उद्देश्यों को 1990 में विद्यमान उनके स्तरों से 2015 तक प्राप्त किया जाना है। भारत सहित प्रत्येक देश ने प्रत्येक उद्देश्य के अंतर्गत क्षेत्रीय स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

**लक्ष्य 1–घोर गरीबी और भूख का उन्मूलन**

- उन लोगों की संख्या घटाकर आधी करना जो प्रतिदिन एक डॉलर से कम पर जीवन निर्वाह करने वाले हैं।
- भूख से ग्रस्त लोगों की संख्या आधी करना।

www.neerajbooks.com

**लक्ष्य 2–सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करना**

- निर्धारित करना कि समस्त बालक और बालिकाएं प्राथमिक शिक्षा का संपूर्ण पाठ्यक्रम पूर्ण करते हैं।

**लक्ष्य 3–लिंग समानता और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना**

- वर्ष 2015 तक प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में समस्त स्तरों पर लिंग असमानता समाप्त करना।

**लक्ष्य 4–बाल मृत्यु दर कम करना**

- 5 वर्ष के कम आयु के बच्चों में मृत्यु दर दो-तिहाई तक कम करना।

**लक्ष्य 5–मातृ मृत्यु दर सुधारना**

- मातृ मृत्यु दर अनुपात तीन-चौथाई तक कम करना।

**लक्ष्य 6–एच.आई.वी./एड्स, मलेरिया और अन्य रोगों पर नियंत्रण**

- एच.आई.वी./एड्स का फैलाव रोकना।
- मलेरिया और अन्य प्रमुख रोगों की घटनाओं को रोकना।

**लक्ष्य 7–पर्यावरण स्थायित्व सुनिश्चित करना**

- देश की नीतियों में सतत विकास के सिद्धान्तों को जोड़ना।
- सुरक्षित पेय जल की स्थायी सुलभता से वंचित लोगों की संख्या आधी तक कम करना।
- 10 करोड़ स्लम निवासियों के जीवन में वर्ष 2020 तक समुचित सुधार करना।

**लक्ष्य 8–विकास के लिए विश्व्यापी भागीदारी विकसित करना**

- गरीब देशों को ऋण सहायता देना।
- मुक्त व्यापार प्रणाली और वित्तीय प्रणाली का विकास करना।
- छोटे देशों की विशेष जरूरतें पूरी करना।
- औषधि निर्माता कम्पनियों के सहयोग से औषधियों की सुलभता बढ़ाना।

## विकास के लिए नई चुनौतियां

विकास के माप के रूप में प्रति व्यक्ति आय से असंतोष बढ़ रहा है, संवृद्धि के बावजूद व्यक्तियों के जीवन की कोटि में आनुपातिक सुधार का अभाव और तीव्रता संवृद्धि के नाम पर पर्यावरण और पारिस्थितिकी को विस्तृत क्षति पहुँचाई है, जिसने विकास की संकल्पना पर पुन: विचार करने के लिए बाध्य किया है। विकास पर चर्चाओं में दो आयामों–'मानव विकास' (Human Development) और 'टिकाऊ अथवा सतत विकास' (Sustainable Development) को प्रमुख स्थान मिला है। मानव विकास में न केवल प्रति व्यक्ति आय में सुधार के आधार पर जीवन-निर्वाह की दशा के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सफाई सुविधाओं के लिए उनकी सुलभता के आधार पर मानव प्राणी की कोटि भी शामिल है। मानव विकास सूचकांक (Human Development Index–HDI) भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के माप के समान ही व्यापक रूप से विकास के वैकल्पिक उपाय के रूप में उभरा है।

**मानव विकास और मानव विकास सूचकांक**

मानव विकास आर्थिक संवृद्धि और उसके घटकों को सम्मिलित करने के अवसर प्रदान करता है, जिसे लोग विकास के रूप में महत्त्व देते हैं। मानव विकास में वे घटक शामिल हैं, जिन पर सार्वदेशिक सर्वसम्मति है। व्यक्ति की अपनी ही मान्यताएं विकास के साथ-साथ बदलती हैं। मानव विकास में शामिल घटक वे हैं, जिन पर लगभग सार्वदेशिक मतैक्य है। 1990 से संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम प्रतिवर्ष मानव विकास रिपोर्ट प्रकाशित कर रहा है। ये रिपोर्टें मानव विकास सूचकांक के आधार पर देशों की स्थिति प्रस्तुत करती हैं।

**मानव विकास सूचकांक**–मानव विकास सूचकांक (Human Development Index; HDI) मानव विकास का सारांश माप है। यह मानव विकास के तीन मूलभूत आयामों में देश की औसत उपलब्धियां मापता है–

- दीर्घ और स्वस्थ जीवन जैसा कि जन्म पर आयु संभाविता द्वारा मापा गया है।
- ज्ञान, जैसा कि प्रौढ़ शिक्षा दर (दो-तिहाई भार सहित) और संयुक्त प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीय सकल नामांकन अनुपात (एक-तिहाई भार सहित)।
- संतोषजनक जीवन-स्तर जैसा कि सकल घरेलू उत्पाद प्रति व्यक्ति द्वारा मापा गया।

मानव विकास सूचकांक स्वत: परिकलित किया जाता है। इसके सभी आयामों के लिए सूचकांक बनाने की जरूरत होती है। आयाम सूचिकाएं परिकलित करने के लिए आयु संभाविता, शिक्षा और सकल घरेलू उत्पाद सूचकांक न्यूनतम और अधिकतम मान प्रत्येक अंतर्निहित मानव विकास के लिए चुने जाते हैं।

**टिकाऊ विकास की अवधारणा और चुनौतियां**

टिकाऊ विकास का संबंध उन संसाधनों के प्रयोग के आधार पर होता है, जिन्हें न केवल वर्तमान पीढ़ी की मानवीय जरूरतों की पूर्ति के लिए, अपितु भावी पीढ़ी के लिए भी किया जाना है। टिकाऊ विकास में केवल पर्यावरण संबंधी समस्याओं पर ही ध्यान नहीं दिया जाता। टिकाऊ विकास के लिए अन्योन्याश्रित और पारस्परिक रूप में सुदृढ़कारी स्तंभों का उल्लेख किया गया है–(1) आर्थिक विकास, (2) सामाजिक विकास, (3) पर्यावरण संरक्षण और (4) स्वदेशी लोग और संस्कृति। सामान्यत: हरित विकास को टिकाऊ विकास से अलग समझा जाता है। हरित विकास आर्थिक और सांस्कृतिक विचारों की तुलना में पर्यावरण संबंधी टिकाऊपन की प्राथमिकता सुनिश्चित करता है।

**बोध-प्रश्न**

**प्रश्न 1. संवृद्धि और विकास के बीच क्या अंतर है?**

**उत्तर**–आर्थिक संवृद्धि का अभिप्राय वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि से है, जबकि आर्थिक विकास परिवर्तन के साथ

Neeraj Publications www.neerajbooks.com